
दैनिक जागरण
22-11-2025

# लैंग्वेज लैब में विद्यार्थियों ने सीखा इंग्लिश बोलना



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी • विज्ञप्ति

**अंबाला • विज्ञप्ति** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के अंग्रेजी विभाग ने स्पोकन इंग्लिश कोर्स का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की संप्रेषण क्षमता, उच्चारण की शुद्धता और अंग्रेजी में प्रवाह को सुदृढ़ करना था। सत्रों का संचालन महक तलवार और हर्षिता ने किया। यह पहल अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डा. अमित कुमार के नेतृत्व में संचालित हुई। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि ऐसे कौशल-आधारित कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और संप्रेषण क्षमता विकसित करते हैं।